(ख) शिष्टमंडल के सदस्यों ने चावल तथा कपास की उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकी की जानकारी प्राप्त करने के लिए भारत का दौरा किया, ताकि वे रूस में उसे अपने खेतों में अपना सकें। करार के तहत दौरे में भाग लेने वाले रूसी अथवा भारतीय अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने की व्यवस्था नहीं है। अत: उनके द्वारा भारत सरकार को कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई थी।

किसानों में खाद्यान्नों के "मिनी किट्स" का वितरण

3700. **श्री कुम्भा राम आर्य :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या है जिनमें "मिनी किट" कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों ने चावल गेंहू मक्का मिलेट, तथा रागी के मिनी किट बांटें गये थे :

(ख) किसानों में मिनी किट्स के वितरण की कसोटी क्या निर्धारित की गई थी ; और

(ग) लघु तथा सीमान्त किसानों में कितने मिनी किट्स वितरित किये गये ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) जिन राज्यों में 1982-83 के दौरान खाद्यान्नों के मिनिकिट बांटे जा रहे हैं उनकी सूची संलग्न अनुबंध में दी गई है।

(ख) राज्य सरकारों पर इस के बात लिए जोर दिया गया है कि मिनिकिट प्रदर्शन किसानों के खेतों में किए जाने चाहिएं और इस मामले में छोटे तथा सीमान्त किसानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

(ग) इस प्रकार की जानकारी एकत्र नहीं की गई है।

विवरण

उन राज्य सरकारों की सूची जहां 1982-83 के दौरान खाद्यान्नों के मिनिकिट बांटे जा रहे हैं :—

क्र० सं०	फसल	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
1.	चावल	सभी राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र
2.	ज्वार	आंध्र प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, गुजरात तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान
3	बाजरा	आन्ध्र प्रदेश उर्डीसा, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, पंजाब, मध्यप्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा दिल्ली।
4.	मक्का	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र तमिलनाडु, गुजरात, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, राजस्थान पंजाब, हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, पं० बंगाल, असम, जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, नागालैंड, मणिपर, मेघालय, अरुणाचाल प्रदेश, मिजोरम, और अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह।
5.	रागी	आंध्र प्रदेश, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र तमिलनाडु, दादर नगर हवेली, गोवा, दमन तथा दीव, पांडिचेरी, अरुणाचल प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल।
6.	छोटे कदर	महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, बिहार कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तथा हिमाचल प्रदेश।
7.	गेंहू	असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली।